# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026




## 30 March 2026


GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:

Yesterday, Quiz:

## Q. हाल ही में राजस्थान ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स कॉन्क्लेव - 2026 (जीसीसी)' का आयोजन कहां किया गया?

(A) बीकानेर

**(B) जयपुर**

(C) उदयपुर

(D) इनमें से कोई नही

- एक दिवसीय 'राजस्थान ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स कॉन्क्लेव - 2026 (जीसीसी)' का 25 मार्च को जयपुर में आयोजन हुआ।
- कार्यक्रम में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि राजस्थान सरकार द्वारा लागू ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स पॉलिसी - 2025 का उद्देश्य राज्य को वैश्विक निवेश और तकनीकी नवाचार का प्रमुख केंद्र बनाना है।
- इस नीति के माध्यम से बहुराष्ट्रीय कंपनियों को आकर्षित कर सेवा और डिजिटल सेक्टर को सशक्त किया जा रहा है।
- 20 नवम्बर 2025 को राजस्थान मंत्रिमंडल द्वारा राजस्थान ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (GCC) पॉलिसी, 2025 को मंजूरी दी।।
- इस पॉलिसी के तहत वर्ष 2030 तक राज्य में 200 से अधिक जीसीसी स्थापित करने तथा लगभग 1.5 लाख रोजगार सृजित करने का लक्ष्य है।

## Yesterday Revision

01. राजस्थान में अब पलायन करने वाले परिवारों के बच्चों की पढ़ाई नहीं रुकेगी। राज्य सरकार घुमंतू, अर्द्ध-घुमंतू और विमुक्त जाति के बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए स्कूल ऑन व्हील्स मॉडल लागू करने की तैयारी कर रही है।

02. जोधपुर शहर र के भगत की कोठी रेलवे स्टेशन को हाईटेक कोचिंग टर्मिनल के रूप में विकसित किया जाएगा

03.उडिजिटल इंडिया मिशन के तहत प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों ने विश्वविद्यालयों की ओर से दी जाने वाली डिग्रियों को नेशनल एकेडमिक डिपॉजिटरी (एनएडी) के डिजी लॉकर में अपलोड करने में राजस्थान देशभर में 5वें नंबर पर रहा

04. दैनिक भास्कर के दो पत्रकारों को पत्रकारिता के क्षेत्र में देश के सबसे प्रतिष्ठित 'रामनाथ गोयनका एक्सीलेंस इन जर्नलिज्म अवॉर्ड्स-2026' से उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने दैनिक भास्कर राजस्थान के रिपोर्टर अवधेश आकोदिया और विजयपाल डूडी को सम्मानित किया गया।

05. सम्पूर्ण प्रदेश में फुटबाल को बढ़ावा देने की दिशा में अहम पहल करते हुए राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन ने वर्ष 2025-26 की अंडर-20 पुरुष राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन पहली बार चित्तौड़गढ़

**01. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(A) राजस्थान आवासन मण्डल की "समृद्धि अपार्टमेंट योजना" को SKOCH गोल्ड अवार्ड।

(B) राजस्थान आवासन मण्डल (Rajasthan Housing Board) की स्थापना 24 फरवरी 1964 को हुई थी

**सही विकल्प चुनिए:**

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है(D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान  आवासन मंडल को समृद्धि अपार्टमेंट योजना को स्कॉच गोल्ड अवॉर्ड
- राजस्थान आवासन मण्डल की "समृद्धि अपार्टमेंट योजना" को SKOCH गोल्ड अवार्ड।
- आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा (दिल्ली, इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित समारोह में ग्रहण)।
- समृद्धि अपार्टमेंट" परियोजना के तहत आम नागरिकों को किफायती दरों पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त आवास उपलब्ध।
- राजस्थान आवासन मण्डल (Rajasthan Housing Board) की स्थापना 24 फरवरी 1970 को हुई थी

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम 'मन की बात' में बीकानेर के अभय जैन ग्रन्थालय का उल्लेख किया

(2) इस ग्रन्थालय की स्थापना अगरचंद नाहटा और भंवरलाल नाहटा ने की थी.

**सही विकल्प चुनें**

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम 'मन की बात' में बीकानेर के अभय जैन ग्रन्थालय का उल्लेख किया
- ज्ञान भारतम मिशन के तहत अभय जैन ग्रन्थालय अब राजस्थान का पहला आधिकारिक पांडुलिपि संरक्षण केंद्र बन चुका है. यहां न केवल पुराने ग्रंथों को सुरक्षित रखा जा रहा है बल्कि उनके संरक्षण के लिए वैज्ञानिक तकनीकों का भी उपयोग किया जा रहा है
- इस ग्रन्थालय की खासियत इसकी बहुभाषीय संग्रह संपदा है. यहां हिंदी, संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश, राजस्थानी, गुजराती के साथ तमिल, कन्नड़, फारसी, उर्दू और सिंधी भाषाओं की पांडुलिपियां भी मौजूद हैं
- इस ग्रन्थालय की स्थापना अगरचंद नाहटा और भंवरलाल नाहटा ने की थी.

03. उदयपुर में "राजस्थान औद्योगिक व्यापार एक्सपो -2026" के कौनसे संस्करण का आयोजन हुआ था ?

(A) दूसरे

(B) पहले

(C) तीसरे

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- झीलों की नगरी उदयपुर में 20 मार्च से तीन दिवसीय राजस्थान इंडस्ट्रियल ट्रेड एक्सपो (राइटेक्स-2026) का आगाज हुआ।
- 20 से 22 मार्च तक बीएन कॉलेज ग्राउंड में आयोजित यह एक्सपो राज्य के औद्योगिक विकास, निवेश और तकनीकी नवाचार को नई दिशा देने वाला मंच था जिसका आयोजन पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा किया गया , जिसमें देशभर के उद्योग, स्टार्टअप और निवेशक भाग लिए
- उदयपुर में "राजस्थान औद्योगिक व्यापार एक्सपो -2026" के दूसरे संस्करण का आयोजन हुआ था

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 'राजस्थान साइबर क्राइम को-ऑर्डिनेशन सेंटर' (R4C) की स्थापना की घोषणा की है,

(2) इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर लगभग 200 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 'राजस्थान साइबर क्राइम को-ऑर्डिनेशन सेंटर' (R4C) की स्थापना की घोषणा की है, जो साइबर अपराधियों के खिलाफ एक प्रभावी उपाय साबित होगा।
- इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर लगभग 100 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे
- हर साल औसतन 25,000 नए मामले साइबर क्राइम के आ रहे हैं
- अब तक साइबर ठगी से संबंधित सूचनाएं केंद्र के I4C से राज्य नोडल एजेंसी और फिर जिलों के माध्यम से थानों तक पहुंचती थीं, जिससे कार्रवाई में देरी होती थी।
- नए प्रस्तावित R4C सेंटर के माध्यम से इस प्रक्रिया को तेज और प्रभावी बनाया जाएगा। यह सेंटर थानों को रियल-टाइम इनपुट प्रदान करेगा, जिससे ठगी की सूचना मिलते ही तुरंत कार्रवाई शुरू की जा सकेगी

**05. हाल ही में किस राज्य सरकार ने नई व्यवसायिक एलपीजी वितरण नीति लागू की है?**

(A) मध्यप्रदेश

(B) राजस्थान

(C) उत्तरप्रदेश

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान में व्यवसायिक गतिविधियों को फिर से गति देने की दिशा में राज्य सरकार ने अहम पहल करते हुए नई व्यवसायिक एलपीजी वितरण नीति लागू कर दी है।
- नई व्यवस्था के तहत गैस आवंटन को प्राथमिकता के आधार पर तय किया गया है। शैक्षणिक संस्थानों और अस्पतालों को पूरी आपूर्ति दी जाएगी, ताकि आवश्यक सेवाओं पर कोई असर न पड़े।
- वहीं होटल, रेस्तरां और डेयरियों को आंशिक राहत देते हुए 60 प्रतिशत गैस उपलब्ध कराई जाएगी।
- अब कोई भी व्यवसायिक उपभोक्ता बिना पंजीकरण के एलपीजी सिलेंडर प्राप्त नहीं कर सकेगा

जयपुर, गुरुवार, 26 मार्च, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-36

1 **माही** बांध के 'हंड्रेड आइलैंड्स' क्षेत्र के विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित उच्चस्तरीय समिति का अध्यक्ष किसे बनाया गया है?
(A) जिला कलक्टर, बांसवाड़ा
(B) जल संसाधन मंत्री, राजस्थान
(C) संभागीय आयुक्त, उदयपुर
(D) निदेशक, राजस्थान पर्यटन विभाग

2 **राज्य** सरकार द्वारा श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना के तहत प्रति थाली दी जाने वाली अनुदान राशि को 17 रुपये से बढ़ाकर कितना कर दिया गया है?
(A) 20 रुपये
(B) 22 रुपये
(C) 25 रुपये
(D) 30 रुपये

3 **हाल** ही में राज्य सरकार द्वारा निजी क्षेत्रों में औद्योगिक पार्कों के विकास के लिए कौन सी नई नीति लाई गई है?
(A) राजस्थान औद्योगिक निवेश नीति-2026
(B) औद्योगिक पार्क प्रोत्साहन नीति-2026
(C) मेक इन राजस्थान पॉलिसी-2026
(D) राजस्थान लॉजिस्टिक्स एंड पार्क नीति-2026

4 **ग्रामीण** महिलाओं के 'फूड, न्यूट्रिशन, हेल्थ एंड वॉश' घटक के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राजीविका ने हाल ही में किस संस्था के साथ एमओयू किया है?
(A) यूनिसेफ
(B) नाबार्ड
(C) केयर इंडिया
(D) सेंटर फॉर माइक्रोफाइनेंस, जयपुर

5 **विश्व** टीबी दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है?
(A) 21 मार्च
(B) 24 मार्च
(C) 1 दिसम्बर
(D) 7 अप्रैल

**Today, Quiz:**

**Q. उच्च शिक्षण संस्थानों की डिग्रियों को नेशनल एकेडमिक डिपॉजिटरी (एनएडी) के डिजी लॉकर में अपलोड करने में राजस्थान देशभर में कौनसे स्थान पर है?**

(A) 9वें

(B) 7वें

(C) 5वें

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine